**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5404**
**03 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**दिल्ली गोल्फ क्लब का पट्टा रद्द किया जाना**

**†5404. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 2012 में दिल्ली गोल्फ क्लब को 2050 तक अस्थायी पट्टा देने के पीछे क्या तर्क है;

(ख) क्या सरकार का दिल्ली गोल्फ क्लब को दिए गए अस्थायी पट्टे को रद्द करने का विचार है, क्योंकि भूमि का एक बड़ा भाग सार्वजनिक हित के बिना नाममात्र दर पर पट्टे पर दिया गया है और इससे गरीब लोगों को कोई लाभ नहीं हो रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) दिल्ली गोल्फ क्लब की स्थापना 1930 के दशक की शुरुआत में एक नगरपालिका कोर्स के रूप में की गई थी और इसे पहले लोधी गोल्फ क्लब के नाम से जाना जाता था। पहले आवंटित भूमि का पट्टा समय-समय पर बढ़ाया गया है। अंतिम पट्टा विस्तार 19 जुलाई, 2012 को दिल्ली गोल्फ क्लब के अनुरोध पर वर्ष 2050 तक किया गया था। यह विस्तार दिल्ली गोल्फ क्लब के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसमें गोल्फ के 2016 से ओलंपिक खेलों का हिस्सा बनने के चलते क्लब को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने का अनुरोध किया गया था। इस उद्देश्य से इन्फ्रास्ट्रक्चर को उन्नत करने के लिए, दिल्ली गोल्फ क्लब ने दीर्घकालिक योजना के लिए 2070 तक पट्टे के विस्तार का अनुरोध किया था। दिल्ली गोल्फ क्लब का पट्टा 2020 में समाप्त हो रहा था, इसलिए इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, सरकार ने केवल 2050 तक के लिए पट्टे के विस्तार को अनुमोदित किया है।

(ख) और (ग) जी नहीं।

*****